2020	श्री जम्बूस्वामी तपोस्थली, बौलखेड़ा (राज.)
2021	सि.क्षे. तारंगा जी (गुज.)
2022	अहुरानगर, सूरत (गुज.)

आर्यिका श्री प्रबोधनन्दनी माताजी

पूर्व नाम	कु. रिंकी जैन (गरिमा दीदी)
माता का नाम	श्रीमती सरला देवी जैन
पिता का नाम	श्री सुभाषचन्द जैन
जन्म	23 नवंबर, 1982, (मंगलवार)
स्थान	(गुजरात) हाल निवासी राजाखेड़ा
लौकिक शिक्षा	एम.ए. (हिन्दी)
ब्रह्मचर्य व्रत	13 दिसम्बर, 2010, राजाखेड़ा (राज.)
सात प्रतिमा	08 सितम्बर, 2013, बौलखेड़ा (राज.)
आर्यिका दीक्षा	19 अप्रैल, 2015, दिल्ली
नामकरण	आर्यिका श्री प्रबोधनन्दनी माताजी
गुरु	प.पू. आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज

चातुर्मास

2015	रेवाड़ी (हरियाणा)	2019	चैन्नई (तमिलनाडु)
2016	सम्मेद शिखर जी (झार.)	2020	पौन्नूरमलै (तमिलनाडु)
2017	जटवाड़ा, औरंगाबाद (महा.)	2021	तपोनिलय, पौन्नूरमलै (तमिलनाडु)
2018	सेलम (तमिलनाडु)	2022	पॉण्डिचेरी

आर्यिका श्री सुरम्यनन्दनी माताजी

पूर्व नाम	कु. प्रीति जैन (लघिमा दीदी)
माता का नाम	श्रीमती ललितेश जैन
पिता का नाम	श्री सुरेशचंद जेन
जन्म	08 दिसम्बर, 1986, सोमवार
स्थान	राजाखेड़ा, धौलपुर (राज.)
लौकिक शिक्षा	एम.ए. (हिन्दी)
सात प्रतिमा	08 सितम्बर, 2013, श्री जम्बूस्वामी तपोस्थली, बौलखेड़ा (राज.)
आर्यिका दीक्षा	19 अप्रैल, 2015, दिल्ली
नामकरण	आर्यिका श्री सुरम्यनन्दनी माताजी
गुरु	प.पू. आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज

चातुर्मास

2015	अलवर (राज.)
2016	मानसरोवर, जयपुर (राज.)
2017	सै. 50, नोएडा (उ.प्र.)
2018	बैंक एन्क्लेव (दिल्ली)
2019	कालका जी (दिल्ली)
2020	श्री जम्बूस्वामी तपोस्थली, बौलखेड़ा (राज.)
2021	सि.क्षे. तारंगा जी (गुज.)
2022	अहुरानगर, सूरत (गुज.)

आर्यिका श्री यशोनन्दनी माताजी

पूर्व नाम	कु. नेहा जैन (संस्तुति दीदी)
माता का नाम	श्रीमती संगीता जैन
पिता का नाम	श्री प्रवीण कुमार जैन
जन्म	14 अगस्त, 1985
स्थान	फिरोजाबाद, (उ.प्र.)
लौकिक शिक्षा	बी.एस.सी (होम साइंस)
ब्रह्मचर्य व्रत	06 फरवरी, 2011
सात प्रतिमा	08 सितम्बर, 2013, श्री जम्बूस्वामी तपोस्थली, बौलखेड़ा (राज.)
आर्यिका दीक्षा	19 अप्रैल, 2015, दिल्ली
नामकरण	आर्यिका श्री यशोनन्दनी माताजी
गुरु	प.पू. आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज

चातुर्मास

2015	अलवर (राज.)
2016	मानसरोवर, जयपुर (राज.)
2017	सै. 50, नोएडा (उ.प्र.)
2018	बैंक एन्क्लेव (दिल्ली)
2019	कालका जी (दिल्ली)
2020	श्री जम्बूस्वामी तपोस्थली, बौलखेड़ा (राज.)
2021	सि.क्षे. तारंगा जी (गुज.)
2022	अहुरानगर, सूरत (गुज.)

आर्यिका श्री सुयोग्यनन्दनी माताजी

पूर्व नाम	कु. निधि जैन (स्तुति दीदी)
माता का नाम	श्रीमती सीमा जैन
पिता का नाम	श्री विनोद कुमार जैन
जन्म	14 अगस्त, 1997
स्थान	मनियां (राज.)
लौकिक शिक्षा	इंटर
ब्रह्मचर्य व्रत	फरवरी, 2011
सात प्रतिमा	13 मार्च, 2014, श्री जम्बूस्वामी तपोस्थली, बौलखेड़ा (राज.)
आर्यिका दीक्षा	19 अप्रैल, 2015, दिल्ली
नामकरण	आर्यिका श्री सुयोग्यनन्दनी माताजी
गुरु	प.पू. आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज

चातुर्मास

2015	रेवाड़ी (हरियाणा)	2019	कोटा (राज.)
2016	हथिनी, दमोह (म.प्र.)	2020	गनौड़ा (राज.)
2017	वरगी, जबलपुर (म.प्र.)	2021	बाहुबलि विहार, उदयपुर (राज.)
2018	सिंघई मन्दिर, दमोह (म.प्र.)	2022	जोटवाड़ा, जयपुर (राज.)

आर्यिका श्री प्रकाम्यनन्दनी माताजी

पूर्व नाम	कु. निधि जैन (प्रस्तुति दीदी)
माता का नाम	श्रीमती आरती जैन
पिता का नाम	श्री विनोद जैन
जन्म	1 अक्टूबर, 1995
स्थान	फिरोजाबाद (उ.प्र.)
लौकिक शिक्षा	सी.ए.
ब्रह्मचर्य व्रत	26 फरवरी, 2013
दो प्रतिमा	03 जनवरी, 2015
आर्यिका दीक्षा	19 अप्रैल, 2015, शंकर नगर (दिल्ली)
नामकरण	आर्यिका श्री प्रकाम्यनन्दनी माताजी
गुरु	प.पू. आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज

चातुर्मास

2015	रेवाड़ी (हरियाणा)	2019	चैन्नई (तमिलनाडु)
2016	सम्मेद शिखर जी (झार.)	2020	पौन्नूरमलै (तमिलनाडु)
2017	जटवाड़ा, औरंगाबाद (महा.)	2021	तपोनिलय, पौन्नूरमलै (तमिलनाडु)
2018	सेलम (तमिलनाडु)	2022	पॉण्डिचेरी

आर्यिका श्री देवनन्दनी माताजी

गृहस्थ अवस्था का नाम	श्रीमती सरला जैन
माता का नाम	श्रीमती बिट्टो देवी जैन
पिता का नाम	श्री प्रेमचंद जैन
पति का नाम	श्री सतीश चंद जैन
जन्म	गयेथु (उ.प्र.)
लौकिक शिक्षा	मैट्रिक
ब्रह्मचर्य व्रत	2007
सात प्रतिमा	नवम्बर, 2011
आठ प्रतिमा	जुलाई 2014
आर्यिका दीक्षा	19 अप्रैल, 2015, शंकर नगर, दिल्ली
नामकरण	आर्यिका श्री देवनन्दनी माताजी
गुरु	प.पू. आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज

चातुर्मास

2015	रेवाड़ी (हरियाणा)
2016	सम्मेद शिखर जी (झार.)
2017	जटवाड़ा, औरंगाबाद (महा.)
2018	सेलम (तमिलनाडु)
2019	चैन्नई (त.ना.)
2020	पौन्नूरमलै (तमिलनाडु)
2021	तपोनिलय, पौन्नूरमलै (तमिलनाडु)
2022	पॉण्डिचेरी

आर्यिका श्री प्रभानन्दनी माताजी

गृहस्थ अवस्था का नाम	श्रीमती मंजू जैन (ब्र. सुप्रभा दीदी)
माता का नाम	श्रीमती किरण देवी जैन
पिता का नाम	श्री सुरेन्द्र कुमार जैन
पति का नाम	श्री मुकेश जेन (वर्तमान में मुनि श्री संयमानंद जी)
जन्म	21 अक्टूबर, 1958
स्थान	फिल्मीस्तान, मॉडल बस्ती, दिल्ली
लौकिक शिक्षा	बी.ए.
सात प्रतिमा	2010 (आ. श्री विद्यासागर जी से)
आठ प्रतिमा	03 अगस्त, 2014 (अजमेर, राज.)
आर्यिका दीक्षा	19 अप्रैल, 2015, (दिल्ली)
नामकरण	आर्यिका श्री प्रभानन्दनी माताजी
गुरु	प.पू. आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज

चातुर्मास

2015	शंकर नगर, दिल्ली
2016	मॉडल टाउन, दिल्ली
2017	जटवाड़ा, औरंगाबाद (महा.)
2018	सेलम (तमिलनाडु)
2019	चैन्नई (त.ना.)
2020	पौन्नूरमलै (तमिलनाडु)
2021	तपोनिलय, पौन्नूरमलै (तमिलनाडु)
2022	पॉण्डिचेरी

आर्यिका श्री श्रुतनन्दनी माताजी

पूर्व नाम	कु. माधुरी जैन
माता का नाम	श्रीमती सरोज जैन
पिता का नाम	श्री भागचंद जैन
जन्म	31 दिसम्बर 1980
स्थान	आगरा (उ.प्र.)
लौकिक शिक्षा	एम.ए. (इतिहास)
ब्रह्मचर्य व्रत	13 दिसम्बर 2010, राजाखेड़ा (राज.) पंचकल्याणक प्रतिष्ठा
आर्यिका दीक्षा	26 अप्रैल, 2018, हथिनी (म.प्र.) पंचकल्याणक प्रतिष्ठा
नामकरण	आर्यिका श्री श्रुतनंदनी जी
गुरु	प.पू. आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज

चातुर्मास

2018	सिंघई मन्दिर (दमोह, म.प्र.)
2019	कोटा (राज.)
2020	गनौड़ा, बाँसवाड़ा (राज.)
2021	बाहुबली विहार, उदयपुर (राज.)
2022	जोटवाड़ा, जयपुर (राज.)

आर्यिका श्री तीर्थनन्दनी माताजी

गृहस्थ अवस्था का नाम	श्रीमति उर्मिला जैन (ब्र. शीलप्रभा जी)
माता का नाम	श्रीमती दर्शन देवी जी
पिता का नाम	श्री सुमेरचंद जी
पति का नाम	श्री देवकुमार जी (वर्तमान में मुनि श्री पुण्यानंद जी)
जन्म	01 दिसम्बर, 1961, सहारनपुर (उ.प्र.)
लौकिक शिक्षा	बी.ए.
ब्रह्मचर्य व्रत व 2 प्रतिमा	19 मार्च, 2015, बौलखेड़ा (राज.)
सात प्रतिमा	19 अप्रैल, 2015 (दिल्ली)
क्षुल्लिका दीक्षा	12 जनवरी, 2018, बौलखेड़ा, (राज.)
नामकरण	क्षुल्लिका श्री तीर्थनन्दनी माता जी
आर्यिका दीक्षा	22 फरवरी, 2021, बौलखेड़ा, (राज.)
नाम	आर्यिका श्री तीर्थनंदनी जी
समाधि	05 जनवरी 2021, बौलखेड़ा (राज.)
गुरु	प.पू. आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज

चातुर्मास

2018	बैंक एन्क्लेव, दिल्ली
2019	कालका जी, दिल्ली
2020	श्री जम्बूस्वामी तपोस्थली, बौलखेड़ा (राज.)
2021	सि.क्षे. तारंगा जी (गुज.)
2022	अरूहानगर, सूरत (गुज.)

ऐलक श्री विज्ञानसागर जी महाराज

पूर्व का नाम	श्री हरीशचन्द्र जैन
माता का नाम	श्रीमती केशरबाई जैन (समाधिस्थ क्षु. निर्वाणनंदनी जी)
पिता का नाम	श्री प्रेमचन्द जैन धमासिया
जन्म	21 अगस्त 1973, जन्माष्टमी, टीकमगढ़ (म.प्र.)
लौकिक शिक्षा	इंटर
ब्रह्मचर्य व्रत	19 अक्टूबर 1990, टीकमगढ़ (म.प्र.)
क्षुल्लक दीक्षा	19 जून 1991, श्रेयांसगिरी (म.प्र.)
नामकरण	क्षुल्लक श्री विज्ञानसागर जी
ऐलक दीक्षा	19 दिसम्बर 1993, श्रेयांसगिरी (म.प्र.)
नामकरण	ऐलक श्री विज्ञानसागर जी
गुरु	प.पू. आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज

चातुर्मास

1991	श्रेयांसगिरी (म.प्र.)	2007	जय शांतिसागर निकेतन, मण्डोला (उ.प्र.)
1992	सम्मेद शिखर जी (झार.)	2008	जय शांतिसागर निकेतन, मण्डोला (उ.प्र.)
1993	श्रेयांसगिरी (म.प्र.)	2009	विश्वासनगर, दिल्ली
1994	सागर (म.प्र.)	2010	जय शांतिसागर निकेतन, मण्डोला (उ.प्र.)
1995	टीकमगढ़ (म.प्र.)	2011	जय शांतिसागर निकेतन, मण्डोला (उ.प्र.)
1996	भोपाल (म.प्र.)	2012	जय शांतिसागर निकेतन, मण्डोला (उ.प्र.)
1997	गुना (म.प्र.)	2013	जय शांतिसागर निकेतन, मण्डोला (उ.प्र.)
1998	बण्डा (म.प्र.)	2014	जय शांतिसागर निकेतन, मण्डोला (उ.प्र.)
1999	धनौरा (म.प्र.)	2015	जय शांतिसागर निकेतन, मण्डोला (उ.प्र.)
2000	सिवनी (म.प्र.)	2016	जय शांतिसागर निकेतन, मण्डोला (उ.प्र.)
2001	नागपुर (महा.)	2017	जय शांतिसागर निकेतन, मण्डोला (उ.प्र.)
2002	नागपुर (महा.)	2018	शामली (उ.प्र.)
2003	करनाल (हरि.)	2019	कबूल नगर (दिल्ली)
2004	बड़ौत (उ.प्र.)	2020	जय शांतिसागर निकेतन, मण्डोला (उ.प्र.)
2005	सहारनपुर (उ.प्र.)	2021	जय शांतिसागर निकेतन, मण्डोला (उ.प्र.)
2006	बड़ौत (उ.प्र.)	2022	जय शांतिसागर निकेतन, मण्डोला (उ.प्र.)

क्षुल्लक श्री विशंकसागर जी महाराज

पूर्व नाम	श्री संदीप जैन
माता का नाम	श्रीमती द्रोपदी बाई जैन
पिता का नाम	श्री शान्त कुमार जैन
जन्म	06 सितम्बर, 1972, पन्ना (म.प्र.)
लौकिक शिक्षा	बी.एस.सी.
ब्रह्मचर्य व्रत	19 जून, 1991, पन्ना (म.प्र.)
सात प्रतिमा	बीना (म.प्र.)
क्षुल्लक दीक्षा	28 जनवरी, 1995, मंगलगिरि, सागर (म.प्र.)
नामकरण	क्षुल्लक श्री विशंकसागर जी
गुरु	प.पू. आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज

चातुर्मास

1995	ललितपुर (उ.प्र.)	1996	दमोह (म.प्र.)
1997	गढ़ाकोटा (म.प्र.)	1998	श्रेयांसगिरि (म.प्र.)
1999	फिरोजाबाद (उ.प्र.)	2000	टूण्डला (उ.प्र.)
2001	ग्रीन पार्क, दिल्ली	2002	सदर बाजाद, मेरठ (उ.प्र.)
2003	शास्त्री नगर, मेरठ (उ.प्र.)	2004	कृष्णा नगर, दिल्ली
2005	शौरीपुर, बटेश्वर (उ.प्र.)	2006	तिजारा (राज.)
2007	मथुरा चौरासी (उ.प्र.)	2008	तिजारा (राज.)
2009	मेरठ महानगर (उ.प्र.)	2010	श्री जम्बूस्वामी तपोस्थली (राज.)
2011	हस्तिनापुर (उ.प्र.)	2012	फिरोजाबाद (उ.प्र.)
2013	श्री जम्बूस्वामी तपोस्थली (राज.)	2014	अजमेर (राज.)
2015	जयपुर (राज.)	2016	श्री जम्बूस्वामी तपोस्थली, बौलखेड़ा (राज.)
2017	फरीदाबाद सै. 16, (हरियाणा)	2018	श्री जिनशासन तीर्थ, अजमेर (राज.)
2019	असोड़ा हाउस, मेरठ (उ.प्र.)	2020	श्री जम्बूस्वामी तपोस्थली, बौलखेड़ा (राज.)
2021	श्री जम्बूस्वामी तपोस्थली, बौलखेड़ा (राज.)	2022	सरधना, मेरठ (उ.प्र.)

क्षुल्लक श्री पूर्णानंद जी

गृहस्थ अवस्था का नाम	श्री उत्तम चन्द जैन
माता का नाम	श्रीमती नत्थो बाई जैन
पिता का नाम	श्री मंगल चन्द जी जैन
पत्नी का नाम	श्रीमती किरण देवी जैन (समाधिस्थ आर्यिका श्री कल्याणनंदनी माता जी)
जन्म	15 मार्च, 1943
स्थान	राजाखेड़ा, जिला धौलपुर (राजस्थान)
लौकिक शिक्षा	हाईस्कूल
ब्रह्मचर्य व्रत	श्री जम्बूस्वामी तपोस्थली बौलखेड़ा, 2016
नाम	ब्र. धर्मप्रकाश भैया जी
दो प्रतिमा व्रत	शौरीपुर बटेश्वर (उ.प्र.) 2005
सात प्रतिमा व्रत	बोलखेड़ा चातुर्मास, 2013
क्षुल्लक दीक्षा	25 फरवरी 2021, बौलखेड़ा (राज.)
नाम	क्षुल्लक श्री पूर्णानंद जी
गुरु	प.पू. आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज

चातुर्मास

2021	सलुम्बर (राज.)
2022	बोरीवली, मुम्बई (महा.)

क्षु. श्री विजयानंद जी महाराज

गृहस्थ अवस्था का नाम	श्री अम्बालाल जैन
माता का नाम	श्रीमती मोहनबाई जैन
पिता का नाम	श्री रिखबदास जी
पत्नी का नाम	श्रीमति सरोज जैन
जन्म	संवत् 2000 ज्येष्ठ वदी अष्टमी
स्थान	भिण्डर (राज.)
लौकिक शिक्षा	मैट्रिक
2 प्रतिमा व्रत (12 वर्ष पालन)	मुनि श्री निर्दोषसागर जी
7 प्रतिमा व्रत (10 वर्ष पालन)	आ. श्री विद्यासागर महाराज
9 प्रतिमा व्रत	आ. श्री विद्यासागर महाराज
10 प्रतिमा व्रत	क्षुल्लक विशंकसागर जी (बौलखेड़ा)
क्षुल्लक दीक्षा	आश्विन शुक्ला-11, संवत 2078 (16 अक्टूबर, 2021) (आ. विद्यासागर तपोवन सिद्धक्षेत्र, तारंगा जी)
नामकरण	क्षुल्लक विजयानंद जी महाराज
गुरु	प.पू. आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज

चातुर्मास

2021	सि.क्षे. तारंगा जी (गुजरात)
2022	बोरीवली, मुम्बई (महा.)

क्षुल्लक श्री श्रुतानंद जी महाराज

पूर्व नाम	श्री आकाश जैन
माता का नाम	श्रीमती ममता जैन
पिता का नाम	श्री मनोज जैन
जन्म	30 जून, 1990, फिरोजाबाद (उ.प्र.)
लौकिक शिक्षा	10वीं
ब्रह्मचर्य व्रत	27 नवम्बर 2021
2 प्रतिमा व्रत	13 मई, 2022, मांगीतुंगी (महा.) पर्वत पर उल्टे बलभद्र की गुफा में
7 प्रतिमा व्रत	19 जून, 2022, अंजनगिरि (महा.)
क्षुल्लक दीक्षा	08 जनवरी 2023, सर्वार्थसिद्धि धाम, कर्जन, (गुज.)
नाम	क्षुल्लक श्री श्रुतानंद जी महाराज
गुरु	प.पू. आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज

क्षुल्लिका श्री परम नंदिनी माताजी

गृहस्थ अवस्था का नाम	श्रीमती सुमन जैन
माता का नाम	श्रीमती सोना देवी जैन
पिता का नाम	श्री जम्बू प्रसाद जी जैन
पति का नाम	श्री प्रमोद जैन
जन्म	15 नवम्बर 1953
स्थान	शाहपुर (मुजफ्फरनगर, उ. प्र)
ब्रह्मचर्य व्रत	- 20 नवम्बर 2008
दो प्रतिमा व्रत	ग.आ.ज्ञानमती जी (हस्तिनापुर)
क्षुल्लिका दीक्षा	25 अक्टूबर, 2020 बोल खेड़ा, (राज.)
नाम	क्षुल्लिका परम नंदिनी माताजी
गुरु	प.पू. आचार्य श्री वसुनंदी जी मुनिराज

चातुर्मास

2021	पायड़, (उदयपुर, राज.)
2022	अहूरा नगर (सूरत गुज.)

क्षुल्लिका श्री लघुनंदनी माताजी

गृहस्थ अवस्था का नाम	श्रीमती शांति बाई जैन
माता का नाम श्री	मती हरबाई जी जैन
पिता का नाम	श्री फत्ती जगाती जैन
पति का नाम	श्री डालचंद जैन
जन्म	वि. सं. 1999 शाहगढ़, (म. प्र.)
लौकिक शिक्षा	प्रथम
ब्रह्मचर्य व्रत	सन 2021
दो प्रतिमा व्रत	सन 2004
क्षुल्लिका दीक्षा	22 अगस्त 2021, तारंगा (गुज.)
नाम	क्षुल्लिका लघुनंदनी माताजी
गुरु	प.पू. आचार्य श्री वसुनंदी जी मुनिराज

चातुर्मास

2021	आ. विद्यासागर तपोवन, तारंगाजी (गुज.)
2022	पोंडिचेरी

क्षुल्लिका श्री समाधिनन्दनी माताजी

गृहस्थ अवस्था का नाम	श्रीमती कनकमाला जैन
जन्म	सलूम्बर (उदयपुर राज.)
पिता का नाम	श्री जोरावर मल जैन मिण्डा,
माता का नाम	श्रीमती गुलाब बाई जैन
पति का कनाम	स्व. नथमलजी मिण्डा, (सप्तम प्रतिमा धारी)
दो प्रतिमा के व्रत	1991 (आ. श्रेयांस सागर जी)
सात प्रतिमा के व्रत	1996 (आ. पद्मनंदीजीसे) रक्षाबंधन
अष्टम प्रतिमा के व्रत	16 जनवरी 2023, (आ. श्री वसुनंदी जी से)
नाम	ब्र. कनकप्रभा
क्षुल्लिका दीक्षा	16 जनवरी, 2023, चंदू जी का गड़ा
नाम	क्षुल्लिका समाधिनंदनी माताजी
गुरू	प.पू. आ. श्री वसुनंदी जी मुनिराज

बा.ब्र. श्री प्रभाशीष भैया

पूर्व नाम	श्री गौरव जैन
माता का नाम	श्रीमती अंजली देवी (डोली)
पिता का नाम	श्री मोहनलाल जैन
जन्म	13 फरवरी, 1986
स्थान	मेरठ (उ.प्र.)
लौकिक शिक्षा	बी.एस.सी.
ब्रह्मचर्य व्रत	नवम्बर 2009, कचहरी रोड, पंचकल्याणक में, मेरठ (उ.प्र.)
नाम	बा.ब्र. प्रभाशीष जी
दो प्रतिमा ब्रत	18 अप्रैल 2018, अक्षय तृतीया, हिंदोरिया, दमोह (म.प्र.)
गुरु	प.पू. आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज

बा.ब्र. सुव्रताशीष भैया

पूर्व नाम	श्री अभय जैन
माता का नाम	श्रीमती पुष्पा देवी जैन
पिता का नाम	श्री प्रकाश चन्द जैन
जन्म	24 नवम्बर, 1975
स्थान	बड़ामलहरा (छतरपुर, म.प्र.)
ब्रह्मचर्य व्रत	04 दिसम्बर, 2016, बौलखेड़ा (राज.)
नाम	बा.ब्र. सुव्रताशीष भैया जी
दो प्रतिमा ब्रत	18 अप्रैल, 2018, अक्षय तृतीया, हिंडोरिया, दमोह (म.प्र.)
गुरु	प.पू. आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज

बा.ब्र. व्रताशीष भैया

पूर्व नाम	श्री प्रदीप जैन
माता का नाम	श्रीमती सुशीला जैन
पिता का नाम	श्री राजपाल जैन
जन्म	26 दिसम्बर 1966, सराय जैयराम बरहन (उ.प्र.)
लौकिक शिक्षा	हाई स्कूल
ब्रह्मचर्य व्रत	टूण्डला पंचकल्याणक, 2017 (उ.प्र.)
2 प्रतिमा व्रत	4 अक्टूबर 2021, तारंगा (गुज.)
नाम	बा.ब्र. व्रताशीष भैया
गुरु	प.पू. आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज

बा.ब्र. गुरवाशीष भैया

पूर्व नाम	श्री ऋषभ जैन
माता का नाम	श्रीमती नीलम जैन
पिता का नाम	श्री दिनेश जैन
जन्म	17 अगस्त 1999, बाड़मेर (राज.)
लौकिक शिक्षा	बी.कॉम. (II)
ब्रह्मचर्य व्रत	12 मई 2022, मांगीतुंगी (महा.)
2 प्रतिमा व्रत	19 जून, 2022, अंजनगिरि (महा.)
नाम	बा.ब्र. गुरवाशीष भैया
गुरु	प.पू. आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज

बा.ब्र. आशीष भैया

पूर्व नाम	आशीष जैन
माता का नाम	श्रीमती रानी जैन
पिता का नाम	श्रीमान संजय जैन
जन्म	07 जुलाई, 2000
स्थान	महावीर नगर, फिरोजाबाद (उ.प्र.)
लौकिक शिक्षा	12वीं
ब्रह्मचर्य व्रत	बोरीवली, मुंबई (महा.)
2 प्रतिमा व्रत	5 अक्टूबर 2022, गेट वे ऑफ इंडिया, मुम्बई (महा.)
नाम	बा.ब्र. आशीष भैया
गुरु	प.पू. आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज

बा.ब्र. गुणाशीष भैया

पूर्व नाम	पं. संजय शास्त्री (प्रतिष्ठाचार्य)
माता का नाम	श्रीमती अंगूरी देवी जैन
पिता का नाम	श्री वीरेन्द्र कुमार जैन
जन्म	20 जुलाई, 1982
स्थान	सिद्धक्षेत्र आहार जी (टीकमगढ़)
लौकिक शिक्षा	जैन दर्शनाचार्य एम.ए.
ब्रह्मचर्य व्रत	6 फरवरी 2012, मंडोला
नाम	बा.ब्र. गुणाशीष जी
गुरु	प.पू. आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज

ब्र. आत्मप्रकाश भैया

गृहस्थ अवस्था का नाम	श्री सुभाष चंद जैन
माता का नाम	श्रीमती सावित्री देवी जैन
पिता का नाम	श्री जिनेश्वर दास जैन
पत्नी का नाम	श्रीमती कृष्णा जैन (2 प्रतिमाधारी)
जन्म	01 जनवरी, 1947
स्थान	बरौली (बागपत)
	हाल निवासी भोलानाथ नगर, दिल्ली
लौकिक शिक्षा	7वीं (जैन विद्यालय, बड़ौत)
ब्रह्मचर्य व्रत	सन 2012
प्रतिमा व्रत	प्रथम प्रतिमा, 2020 में
नाम	ब्र. आत्मप्रकाश जी
गुरु	प.पू. आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज

बा.ब्र. सौम्या दीदी

पूर्व नाम	कु. क्रांति जैन
माता का नाम	श्रीमती संतोष जैन
पिता का नाम	श्री शीलचन्द जैन
जन्म	04 सितम्बर, 1974
स्थान	बमौरी, छतरपुर (म.प्र.)
लौकिक शिक्षा	एम.ए. (संस्कृत)
ब्रह्मचर्य व्रत	1993
आठ प्रतिमा	2006 (टूण्डला)
नाम	बा.ब्र. सौम्या दीदी
गुरु	प.पू. आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज

बा.ब्र. डॉ. प्रज्ञा दीदी

पूर्व नाम	कु. शानू जैन
माता का नाम	श्रीमती मंजू जैन
(समाधिस्थ आर्यिका सिद्धनंदनी माताजी)	
पिता का नाम	श्री वीरेन्द्र जैन ठकुरिया (बाड़मेर वाले)
जन्म	08 फरवरी, 1980
स्थान	अजमेर (राज.)
लौकिक शिक्षा	एम.ए. (दर्शनशास्त्र, संस्कृत), एम.एड., पी.एच.डी.
ब्रह्मचर्य व्रत	03 अक्टूबर 2006 (अमरकंटक) आ. श्री विद्यासागर जी से
दो प्रतिमा ब्रत	29 मार्च, 2015, बौलखेड़ा (राज.)
सात प्रतिमा	3 अक्टूबर, 2016, बौलखेड़ा (राज.)
आठ प्रतिमा	30 अप्रैल, 2020, शमशाबाद (उ.प्र.)
नाम	बा.ब्र. प्रज्ञा दीदी
गुरु	प.पू. आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज

ब्र. प्रमेया दीदी

गृहस्थ अवस्था का नाम	श्रीमती मनोरमा जैन (मनु)
माता का नाम	श्रीमती जैनोदेवी जैन
पिता का नाम	श्री छीतरमल जैन नायक
पति का नाम	श्री पवन कुमार जैन ठकुरिया
जन्म	01 जनवरी, 1965
स्थान	सोमली, राजाखेड़ा (राज.)
लौकिक शिक्षा	मैट्रिक
दो प्रतिमा	08 सितम्बर, 2013, श्री जम्बूस्वामी तपोस्थली, बौलखेड़ा (राज.)
तीन प्रतिमा	03 जनवरी, 2015, आर.के. पुरम (दिल्ली)
सप्तम प्रतिमा	3 जनवरी, 2020, बटेश्वर (उ.प्र.)
नाम	ब्र. प्रमेया दीदी
गुरु	प.पू. आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज

बा.ब्र. गुणज्ञा दीदी

पूर्व नाम	कु. शैली जैन
माता का नाम	श्रीमती मंजू जैन (समाधिस्थ आर्यिका सिद्धनन्दनी माताजी)
पिता का नाम	श्री वीरेन्द्र जैन ठकुरिया (बाड़मेर वाले), अजमेर
जन्म	22 जुलाई, 1997
स्थान	बाड़मेर (राज.)
लौकिक शिक्षा	बी.कॉम
ब्रह्मचर्य व्रत	09 अक्टूबर 2019 नोएडा सै. 50 (उ.प्र.)
वर्तमान नाम	बा.ब्र. गुणज्ञा दीदी
दो प्रतिमा ब्रत	30 जनवरी, 2020, शौरीपुर सिद्धक्षेत्र (उ.प्र.)
सात प्रतिमा व्रत	30 अप्रैल, 2020, शमशाबाद (उ.प्र.)
नाम	बा.ब्र. गुणज्ञा दीदी
गुरु	प.पू. आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज

बा.ब्र. सुमेधा दीदी

पूर्व नाम	कु. नियति जैन
माता का नाम	श्रीमती राजकुमारी जैन
पिता का नाम	श्री सुमति कुमार जैन
जन्म	06 फरवरी, 1993
स्थान	बिजावर, छतरपुर (म.प्र.)
लौकिक शिक्षा	बी.एस.सी., पी.जी.डी.सी.ए.
ब्रह्मचर्य व्रत	26 फरवरी, 2018
सात प्रतिमा	22 अगस्त, 2021, तपोवन, सि.क्षे. तारंगा (गुज.)
नाम	बा.ब्र. सुमेधा दीदी
गुरु	प.पू. आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज

ब्र. धर्मप्रभा दीदी

गृहस्थ अवस्था का नाम	श्रीमति मधु जैन दोशी
माता का नाम	श्रीमती मंगु बेन कोठारी
पिता का नाम	श्री जोइला लाल जैन कोठारी
पति का नाम	श्री अरविन्द जैन दोशी
जन्म	1 जून 1950, डभोडा, मेहसाना (गुज.)
लौकिक शिक्षा	आठवीं पास
दो प्रतिमा ब्रत	4 जनवरी, 2022, पावागढ़ (गुज.)
सात प्रतिमा व्रत	12 जून, 2022, गजपंथा (गुज.)
नाम	ब्र. धर्मप्रभा दीदी
गुरु	प.पू. आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज

बा.ब्र. नन्दनी दीदी

पूर्व नाम	कु. ज्योति जैन
माता का नाम	श्रीमती रविकांता जैन
पिता का नाम	श्री सतीश कुमार जैन
जन्म	04 दिसम्बर, 1984
स्थान	नागपुर (महा.)
लौकिक शिक्षा	इंटर
ब्रह्मचर्य व्रत	14 फरवरी, 2000
पाँच प्रतिमा	16 अप्रैल 2008, करावल नगर (दिल्ली)
संघस्थ	ऐलक श्री विज्ञान सागर जी महाराज
नाम	बा.ब्र. नन्दनी दीदी
गुरु	प.पू. आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज

बा.ब्र. ऋजुता दीदी

पूर्व नाम	कु. रानी जैन राउड़
माता का नाम	श्रीमती सीता जैन राउड़
पिता का नाम	श्री विला जैन राउड़
जन्म	22 अगस्त, 1982
स्थान	कारंजा लाड़ (महाराष्ट्र)
लौकिक शिक्षा	इंटर
ब्रह्मचर्य व्रत	2002
तीन प्रतिमा व्रत	16 अप्रैल, 2008, करावल नगर (दिल्ली)
संघस्थ	ऐलक श्री विज्ञान सागर जी महाराज
नाम	बा.ब्र. ऋजुता दीदी
गुरु	प.पू. आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज

बा.ब्र. प्रिया दीदी

पूर्व नाम	कु. रानू जैन
माता का नाम	श्रीमती पुष्पा जैन
पिता का नाम	श्री प्रदीप जैन
जन्म	18 जून, 1997
स्थान	बांदकपुर, दमोह (म.प्र.)
लौकिक शिक्षा	इंटर
ब्रह्मचर्य व्रत	30 नवम्बर, 2015
नाम	बा.ब्र. प्रिया दीदी
गुरु	प.पू. आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज

अन्य त्यागी व्रती

1.	बा.ब्र. इं. पंकज भैया	1.	ब्र. सरोज दीदी
2.	ब्र. दिलीप भैया	2.	ब्र. हृदेश दीदी
3.	ब्र. प्रमोद भैया	3.	बा.ब्र. हिना दीदी
4.	ब्र. सुरेन्द्र भैया	4.	बा.ब्र. टीना दीदी
5.	ब्र. रजनीकांत भैया	5.	ब्र. प्रज्ञेश दीदी
6.	ब्र. अरविंद भैया	6.	ब्र. कृष्णा दीदी
7.	ब्र. हसमुख भैया	7.	बा.ब्र. समर्पण दीदी
8.	ब्र. कन्नु भैया	8.	ब्र. भारती दीदी
9.	ब्र. जयभगवान भैया	9.	ब्र. भारती दीदी (2)
10.	ब्र. अजित भैया	10.	ब्र. चन्द्रिका दीदी
11.	ब्र. सुमन भैया	11.	ब्र. मीना दीदी
12.	ब्र. विनोद भैया	12.	ब्र. शालिनी दीदी
13.	ब्र. राजेन्द्र प्रसाद भैया	13.	ब्र. मुन्नी दीदी
14.	ब्र. डॉ. डी.सी. भैया	14.	ब्र. मुन्नी दीदी (2)
15.	बा.ब्र. चिन्मय भैया	16.	ब्र. सुनीता दीदी
17.	बा.ब्र. गोल्डन भैया	17.	ब्र. सरला दीदी
18.	बा.ब्रा. मयंक भैया	18.	बा.ब्र. सौम्या दीदी
19.	बा.ब्र. अभिषेक भैया	19.	ब्र. कान्ता दीदी
20.	ब्र. इन्द्रकुमार भैया	20.	ब्र. सन्तरा दीदी

संतों के विचारों में संतराज

संकलन :
ऐलक विज्ञानसागर



आचार्य वसुनंदी जी अपने जीवन में सम्यक् पुरुषार्थ के माध्यम से निरन्तर अपने उद्यम, साहस, धैर्य, बुद्धि, भक्ति और पराक्रम को लेकर स्व-पर कल्याण की सद्भावनाओं के साथ मोक्षमार्ग सम्यक् मार्ग की ओर पल-प्रतिपल को सार्थक करते हुए साधनों को छोड़कर साधना की ओर बढ़ते चले जा रहे हैं और अपने कर्तव्य कार्यों के प्रति जागरुक हैं। आपका व्यक्तित्व उच्चस्तरीय उद्देश्य व दृष्टिकोण एवं देव-शास्त्र-गुरु के प्रति अटूट श्रद्धा-भक्ति, विश्वास आपको निश्चित वसुकर्म को ढीला करने में सहायक बनेगा और जीव को सार्थक बनायेगा एवं वसुनंदी नाम को सार्थक करेगा तथा आपकी असीम विलक्षण सामर्थ्य की द्योतक है।

स्थविर आचार्य 108 श्री संभवसागर जी
श्री सम्मेद शिखर, त्रियोग आश्रम



एक अच्छे और प्रभावक संत हैं, अच्छी तपस्या और निर्दोष चर्या का पालन करने वाले हैं। अजमेर में आपकी प्रेरणा 51 फुट शांतिनाथ भ. की प्रतिमाजैसा असाधारण कार्य तपस्वी संत ही कर सकते है।

आर्ष परंपरा का ध्यान रखते हुए आपके मीठे प्रवचनों से जैन समाज को बहुत लाभ हो रहा है। राष्ट्रसंत आचार्य 108 श्री विद्यानंदजी महाराज के एक इकलौते शिष्य विखाल संघ के साथ धर्मप्रभावना कर रहे हैं। आपका स्वास्थ्य और साधना ठीक चलती रहे, उसके लिए मेरा खूब-खूब आशीर्वाद।

गणधराचार्य श्री कुन्थुसागर
कुन्थुगिरि (महा.)



जैन धर्म की श्रमण परम्परा को समृद्ध करने में आपका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आप श्रमण परमपरा के संवर्द्धन के पोषण में संलग्न रहे हैं। आगे भी दिगम्बर मुनि परम्परा को पुष्ट करते हुए शास्त्र स्वाध्याय के क्रम को आगे बढ़ाते हुए आगम के तत्व ज्ञान को चारित्र रूप में उतारें। अपना कल्याण करते हुए सम्पूर्ण जन-मानस का कल्याण करने में उदार भाव से बढ़ें।

आचार्य श्री निर्मल सागर
गिरनार जी (सौराष्ट्र)



आचार्य श्री वसुनंदी जी महाराज अत्यन्त सरल परिणामी, सहज शान्त स्वभाव के मिलनसार स्वभाव के साधु हैं। मैंने उन्हें अत्यन्त नजदीक से देखा है। उनके उद्‌बोधन से समाज को सही दिशा और दशा प्राप्त होगी। आचार्य श्री विद्यानंद जी के निर्देशन में प्राप्त शिक्षाओं से, उन्हें सही निर्णय लेने की क्षमता प्राप्त हुई है।

प्रज्ञाश्रमण आचार्य श्री देवनन्दी जी
णमोकार तीर्थ



ऐसे भीषण काल में जिनशासन की रक्षा और वृद्धि का भार आचार्य परमेष्ठी पर है। ऐसी ही गरिमामयी परम्परा का निर्वहण करने वाले आचार्यों में एक नाम है आचार्य श्री वसुनंदी महाराज। प.पू. आ. श्री विद्यानंद जी मुनिराज के श्री चरणों में उन्हें ये शुभ नाम प्राप्त हुआ है। आचार्य श्री स्वयं कुशल साधक हैं और उत्कृष्ट साहित्यकार हैं। उन्होंने प्राकृत भाषा मे अनेक औपदेशीय ग्रंथों की रचना की है शताधिक ग्रंथों के अनुवादक भी हैं। मैं यही कामना करता हूँ कि गण रक्षा प्रतिबद्ध वे आचार्य देव इस भूमण्डल को अपनी चरण रज से दीर्घ काल पर्यन्त पवित्र करते रहें और उनके द्वारा अपूर्व धर्म प्रभावना होती रहे।

चतुर्थ पट्टाधीशाचार्य श्री सुविधिसागर जी तमिलनाडु

हमारे आचार्य श्री वसुनंदी जी महाराज है वो अच्छे विद्वान है, संस्कृत, प्राकृत, हिन्दी आदि अनेक भाषाओं को वो जानते हैं और इसके अलावा स्वाध्याय में अभीक्ष्णज्ञानोपयोगी हैं अनेक संस्कृत, प्राकृत, आदि भाषा में ग्रंथों रचना की है। बड़े विशाल संघ के साथ विहार करते है।धर्म प्रभावना करते हैं। आ. श्री विद्यानंद जी मुनिराज ने आपको उपाध्याय एलाचार्य दीक्षा, आचार्य दीक्षा दी और हमारे साथ में मिलकर आ.श्री विद्यानंद जी महाराज का सल्लेखना समाधि उत्सव मनाया। उस अवस्था में आ वसुनंदी जी महाराज जी मेरे साथ में निर्यापक आचार्य के रूप में बहुत सुंदर सल्लेखना कराई। उनकी सौम्य मुस्कुराती हुई मुखमुद्रा और हमेशा प्रेम भाव वात्सल्य से बात करते हैं और समाज, देश, विश्व के लिए ऐसे संतों की आवश्यकता पड़ती है। मैं आ. वसुनंदी जी महाराज के स्वास्थ्य, धर्म और संघ की वृद्धि के लिए मंगल कामना करता हूँ और हमसे इसी तरह प्रेम भाव बना रहे यही हमारे संयम का बहुत महत्वपूर्ण अंग है।

आ. श्रुतसागर जी, कुन्दकुन्द 'भारती। दिल्ली



आचार्य वसुनंदी जी अपने आप में सरल स्वभावी, उद्धारक, भावी अनुशासक, उच्च मोक्ष लक्ष्य के धारक, हितमित, स्पष्ट उपदेशक, मोक्षमार्ग जीव के प्रति दया, करुणा, परोपकार, वात्सल्य सेवा की भावना के भंडार हैं। आचार्य वसुनन्दी ख्याति, पूजा लाभ, प्रसिद्धि, ढोंग, पाखंडी, निंदा, ईर्ष्या, तृष्णा, बाह्य आडम्बर, अपेक्षा-उपेक्षा आदि से दूर हैं। आप अपने ज्ञान ध्यान अध्ययन में लगे रहते हैं। उत्तम भावना की अनुमोदना करता हूँ। ज्ञानाचार्य वसुनन्दी जी को प्रति नमोस्तु आपकी धर्मप्रभावना दिनों-दिन बढ़ती रहे।

महामना, तप शिरोमणि, आचार्य सम्राट श्री कुशाग्रनंदी
मुम्बई, दादर ईस्ट



आचार्य श्री जी की व्यवहार एवं निश्चय कुशलता वास्तविक स्थिति में मूलभूत मुक्ति की कारणभूत चरणीय आचरणीय व अनुकरणीय क्रियाएँ हैं। आचार्य परमेष्ठि का सदाचरण नम्र व्यवहार एवं एकता का परस्पर मेल व्यवहार हम संसारी लोगों के लिए एक महान आदर्श है। ऐसे महर्षि के दर्शन कर सर्वलोक शिखाग्र पर चिरस्थिर हो सकते हैं।

आचार्य श्री सुरदेवसागर
मंडोला, गाजियाबाद (उ.प्र.)



बड़ी प्रसन्नता हुई आचार्य श्री द्वारा दीक्षित शिष्यों का संग्रह-निग्रह करना इसे आचार्य श्री वसुनन्दी जी से सीखना चाहए।

पूरा संघ अनुशासन में रहता है। उसका प्रमुख कारण वे स्वयं पूर्ण अनुशासन में रहते हैं। आपका स्वाध्याय, सामायिक, प्रतिक्रमण आदि व्यवस्थित चर्या है। आप एक अच्छे निस्पृह साधू हैं। ऐसा हमारे गुरुदेव कुंथुसागर जी ने स्वाध्याय के समय कहा था।

आचार्य श्री निश्चयसागर
अतिशय क्षेत्र कुंथुगिरी, आलते (महाराष्ट्र)



प.पू. राष्ट्रसंत नवग्रह तीर्थ प्रवर्तक आचार्यश्री गुणधरनंदी जी का प.पू. अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी, अक्षर शिल्पी, आचार्य श्री वसुनंदी जी महाराज जी को सिद्ध भक्ति, श्रुतभक्ति, आचार्य भक्ति पूर्वक त्रिबार नमोस्तु, नमोस्तु, नमोस्तु।

आपको आरोग्य लाभ, सुख शांति समृद्धि हो, आपके रत्नत्रय में वृद्धि हो, यही नवग्रह भगवान से प्रार्थना है।

आचार्य श्री गुणधरनंदी
शमनेवाड़ी (कर्नाटक)



ज्ञान के धनी, चारित्र के उन्नायक, मानव कल्याण की जन्म जयंती वास्तविक मोक्षमार्ग दर्शक, जिन धर्म प्रभावक होता है, विकल्प से परे ध्येय के तरफ अटल बढ़ते कदम यह गुरुदेव की विशेषता है।

आचार्य श्री सूर्यसागर (अगरकर)
स्थान-कब्बूर (कर्नाटक)

आचार्यो की वाणी अध्ययन, चिन्तन, मनन, मानव के जीवन को महका देती है। जिन्होंने अपने जीवन को श्रुतज्ञान की एवं तपश्चरण की साधना एवं आराधना में अपने सम्पूर्ण जीवन को समर्पित कर दिया हैं ऐसे आचार्य श्री वसुनंदी जी मुनिराज जो आगम पथ के अनुयायी हैं, मोक्षमार्ग में संलग्न हैं।

अंकलीकर परम्पराचार्य श्री सौभाग्यसागर महाराज
महामृत्युंजय तीर्थक्षेत्र, चम्बल तट, उदी



मैं पूज्य आचार्य श्री का हमेशा ऋणी रहूँगा। मुझे धर्म की राह दिखाने वाले आ. श्री वसुनंदी जी महाराज ही हैं जिन्होंने मुझमें बचपन में ही वैराग्य के बीज आरोपित कर दिए थे। बात सन् 1996 दमोह चातुर्मास समय की है जहाँ दिगम्बर मुनिराज का प्रथम चातुर्मास हो रहा था।

एक दिन मैंने भी धोती पहन ली और संयोगवश क्षुल्लक विशंकसागर जी महाराज का आहार उसी दिन हो गया था। घर पर आहार होना महत्वपूर्ण इसलिए था क्योंकि साधु चार ही थे। (एक मुनि और तीन क्षुल्लक जी) पर धर्म प्रभावना इतनी थी कि 40-50 चौके और संयोग से तीन दिन बाद ही आचार्य श्री वसुनंदी जी महाराज (उस समय मुनि निर्णय सागर जी) का आहार हो गया। उस दिन प्रथमत: मैंने मुनिराज को आहार दिया था। मुझे धर्म की राह पर सच्चे मायने में यदि लगाया तो वो आप ही हैं। आचार्य श्री के बारे में एक बात है कि उनमें वात्सल्य, ज्ञान और अनुशासन तीनों गुण समाहित हैं ओर मैं यदि गृह त्याग कर मुनि और उसके बाद उपाध्याय फिर आचार्य बना हूँ तो यह सब एक तरह से आपके आरोपित संस्कार ही मुझ पर हैं।

बालयोगी आचार्य श्री सौभाग्यसागर जी
राजा बाजार, दिल्ली



आचार्य वसुनंदी जी महाराज काव्यों के धनी, मधुर वाणी सुशोभित एवं आचार्य श्री विद्यानंद जी की बगिया के उज्ज्वल एवं आलोकिक पुष्प हैं; आप की मुस्कान एवं भाषा शैली स्वत: ही भक्तों को अभिभूत कर देती है, आपका विशाल हृदय एवं सरल स्वभाव ही आपकी पहचान है। आप से कभी मिलने के अवसर तो नहीं मिला पर आपके ज्ञान कोष की बहुत चर्चाएँ सुनी एवं पढ़ी हैं।

पट्टाचार्य श्री प्रसन्नऋषि

उज्जैन (म.प्र.)



परम आदरणीय आचार्य श्री एक जिन आगम के ख्याति प्राप्त प्रख्यात एवं महान संत हैं। एवम् आगम के दृढ़ श्रद्धानी आत्म विश्वासी एवं जिन आगम की आज्ञा के अनुसार स्वयं अपनी चर्चा एवं आचरण का पालन करते हुए संघ समुदाय के साथ समस्त श्रावक श्राविकाओं में आपकी ख्याति है। आप परमपूज्य आचार्य श्री विद्यानंद जी महाराज के पास असीम ज्ञान के भण्डार कोष में से आपने उनके साथ एक नहीं अनेकों अनुभव के साथ में अपने ज्ञान कोष में अध्यात्मकोष का संग्रह करते हुए स्वयं आत्म अनुशासन में रहते हुए संघ को अनुशासन में चलाते हैं। एक स्वयं शिथिलाचारी से दूर आपके शिष्यों में वही प्रवृत्ति है जो होना चाहिए। आप आर्ष परम्परा के अनुगामी महान सन्त हैं।

आचार्य श्री चैत्यागर जी महाराज

फिरोजाबाद (उ.प्र.)



जिन शासन की शान विशाल मुनि संघ के अधिपति प्रशान्त मूर्ति, अत्यन्त सरल हृदयी अनेकों भव्य जीवों के दीक्षा-शिक्षा दाता, आचार्य श्री वसुनन्दी जी महाराज को नमोस्तु।

आचार्य श्री सुन्दरसागर

बड़ौत (उ.प्र.)



आप जैसे संतों को पाकर सभी को आत्म कल्याण की प्रेरणा मिलती है। आप जैसे तत्व के जानकार भी खूब कम है। आप संयम की साधना सुचारू रूप से चला रहे हैं बाकी के साधुओं के प्रति आस्था, लगन सराहनीय है। आप धर्म और संस्कृति की शान हैं। कथन शैली भी सरल और सामान्य जनता को लुभाने वाली है। आपके हाथ से आर्षप्रणाली की प्रभावना ऐसी ही होती रहे और सच्चे देव-शास्त्र-गुरु की प्रभावना होती रहे।

आचार्य श्री वर्धमानसागर जी (दक्षिण वाले)

सम्मेद शिखर जी

जैन धर्म के महानायक दिगम्बर आचार्य श्री संतों के देदीप्यमान नक्षत्र हैं। आपके अन्दर सहजता, सरलता एवं वात्सल्य की त्रिवेणी आपके मुखमण्डल पर हमेशा झलकती है। आप जिनागम के मर्मज्ञ जानकार हैं। आपका जीवन उपसर्गो में भी, परीषहों में भी आपने कभी अपनी साधना, तपस्या एवं चर्या में कभी समझौता नहीं किया।

आचार्य श्री शशांक सागर जी

पद्मपुरा (बाड़ा)



वात्सल्य रत्नाकर आचार्य श्री वसुनंदी जी का जैसा नाम है वैसा उनका काम है। आचार्य श्री वसुनंदी जी में वात्सल्य गुण सम्पूर्ण रूप से भरा है। मैं उनको दिल्ली में मिला उसी समय उन्होंने मुझे गले मिलकर आशीर्वाद दिया था।

आचार्य मुनि श्री कंचन सागर

भोपाल



आचार्य श्री स्वयं साधक हैं एवं साधना-आराधना-प्रभावना का निरन्तर समता, प्रतिष्ठा एवं उपदेश के माध्यम से जिनधर्म की प्रभावना कर रहे हैं।

आचार्य श्री सौरभ सागर

मुकुट सप्तमी

परम पूज्य आचार्य श्री वसुनन्दी जी मुनिराज से जब भी मिलना हुआ तो उन्होंने वात्सल्य के साथ अपने गले लगाकर असीम स्नेह और प्रेम दिया।

आचार्य श्री सत्य, अहिंसा, दया, शांति, संयम, अपरिग्रह एवं ब्रह्मचर्य के प्रतीक हैं। सूर्य-सा तेज, चन्द्रमा सी शीतलता, सागर जैसी गम्भीरता, पर्वत जैसी अडिगता, सिंह जैसी निर्भीकता ऐसा आचार्य श्री का व्यक्तित्व है। आचार्य श्री त्याग और वैराग्य की धर्म और अध्यात्म की आत्मीयता और उदारता की साक्षात मूर्ति हैं। सतत् साधना एवं तपश्चर्या ही आपका जीवन है।

आचार्य श्री सुरत्न सागर

राधेपुरी, दिल्ली

ज्ञान के क्षेत्र में अग्रणीय निर्णय क्षमता में अडिग संत आचार्य वसुनंदी जी। इनके व्यक्तित्व से प्रभावित होकर राष्ट्र संत श्वेत पिच्छाचार्य विद्यानंद जी ने आचार्य पद प्रदान किया।

इनके व्यक्तित्व के प्रभाव से सम्पूर्ण दिल्ली के आस-पास के नगर गाँव प्रभावित हैं। सन् 1996-1997 में मुनिश्री निर्णय सागर जी नाम से पूज्यनीय मुनि श्री के साथ श्रेयांसगिरी तीर्थ स्थान पर ब्रह्मचारी अवस्था में चातुर्मास करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। चातुर्मास में रत्नकरण्ड श्रावकाचार का अध्ययन भी किया।

आचार्य श्री के क्षयोपक्षम का क्या कहना। एक बार में ही गाथा श्लोक ग्रंथ पाठ याद कर लिया करते हैं।

आचार्य श्री प्रणाम सागर

बासवाड़ा (राज.)



आचार्य श्री वसुनंदी जी महाराज का चौमासा ललितपुर में 1995 में हुआ था। उस समय हम साधु सेवा में बहुत ही दिलचस्पी रखते थे। आचार्य श्री साधना-वात्सल्य के साथ-साथ ज्ञान के भी धनी थे तथा हम लोग भी कई प्रश्न किया करते थे और उनका उत्तर आ.श्री सहजता से उसी वक्त देते थे। वो बातें हमारे ध्यान में रहीं उसी का प्रमाण है जो हम महाव्रती बने।

एलाचार्य श्री प्रभावना भूषण

मंडोला



पूज्य आचार्यश्री धर्म प्रभावना एवं आत्मसाधना में जनमानस के श्रद्धा के केन्द्र बने हुए हैं। मुनिवर श्री का सरल व्यक्तित्व आबालवृद्ध सभी को अपनी ओर आकर्षित करता है।

आचार्य भगवन्त वात्सल्य के धनी हैं। उनकी दृष्टि में सदा समभाव समाया हुआ है। छोटे-बड़े, अमीर-गरीब का अन्तर नहीं प्राणी मात्र से अपनेपन की भावना रखते हैं।

मुनि श्री सहजसागर जी

वर्षायोग विजयनगर (गुजरात)

प्रथम बार अतिशय क्षेत्र जय शांतिसागर निकेतन पर 2012 पंचकल्याणक के निमित्त से पूज्य आचार्य श्री के दर्शन हुए। आचार्य श्री का वात्सल्य देखकर मन गद्‌गद्‌ हो गया। मेरे मन में शंका थी कि इतने बड़े संघ में पंचकल्याणक के दौरान स्वाध्याय, प्रतिक्रमण आदि क्रियायें कैसे होगी? यह शंका कुछ पल में जैसे नदी समुद्र में आकर मिल जाती है। मुझे (ठंड के दिनों में) इतना निकट बिठाया जैसे एक माँ अपने पुत्र से व्यवहार करती है। पहले लोगों के मुख से आचार्य श्री के वात्सल्य की चर्चा सुनी थी, आज देख भी ली। सच में आचार्य श्री वात्सल्य के भंडार हैं। एक नहीं अनेक गुण मेरे स्मृति में हैं।

आचार्य देवनन्दी महाराज के शिष्य मुनि श्री सकलकीर्ति महाराज
कीर्ति धाम निप्पानी जिला बेलगांव (कर्ना.)

कई बार आ. श्री वसुनंदी जी मुनि राज से हमारी चर्चा हुई है, हस्तिनापुर भी आए हैं, दिल्ली में भी चर्चाएं हुई हैं। मुझे उनका स्वभाव बहुत ही अच्छा लगा, वात्सल्य प्रेमी है। वास्तविक विचार करके देखा जाए तो आज इस पंचम काल में निर्दोष चारित्र का पालन करते हुए और इस आचार्य शांतिसागर महाराज जी की परम्परा में ऐसे ऐसे रत्न हैं कि गौरव का अनुभव होता है। आ. वसुनंदी जी महाराज उत्तरोत्तर धर्म की प्रभावना की है, कर रहे हैं और आगे भी करेंगे। मुझे गौरव है इनके जीवन पर। इन्होंने आ.विद्यानंदजी महाराज के मिलकर के उनकी परम्परा को दीर्घ प्रभावक बनाने का पुरुषार्थ किया है। कुन्दकुन्द भारती में भी विद्यानंद महाराज के सानिध्य में रहकर के भी बहुत कुछ पाया है। संयमित जीवन और निर्दोष चर्या उसके साथ मे संघ का संचालन, संवर्द्धन करते हुए आज वो भारत वसुंधरा पर विचरण कर हैं। आचार्य श्री उत्तरोत्तर संयम में वृद्धि करते और अनेक संयमियो का सृजन कर रहे। उनके माध्यम से अनेकों भव्य प्राणी को संयममार्ग को धारण करते रहे यही मेरी भावना है उनके प्रति बहुत-2 विनयांजलि के साथ पुनः पुनः नमोस्तु -3

गणिनी प्रमुख आर्यिका ज्ञानमति हस्तिनापुर (उ.प्र.)

आज साक्षात् तीर्थकर महावीर तो नहीं है, लेकिन उनकी उपस्थित, प्रतिकृति के रूप में उनके लघुनन्दन आचार्य वसुनंदी जी जरूर इस वसुन्धरा पर विराजमान हैं। जिनके चरण कमल जहाँ विराजमान हो जाते हैं, अब चाहे वह जंगल की भूमि हो या मंदिर की भूमि हो, हम सभी के लिए वही स्थान वंदनीय, पूजनीय और पवित्र पावन हो जाता हैं। मेरे हृदय के सूने सिंहासन पर आपके चरण कमल सदा विराजमान रहें जिससे मेरा हृदय भी पवित्र पावन हो सके। आचार्य वसुनंदी जी महाराज के गुणानुगामी व्यक्तित्व पर जब हम दृष्टिपात करते हैं तो सरलता, वात्सल्यता, नि:स्वार्थता, गम्भीरता, वाणी का सम्मोहन, वर्धमान चरित्र, ज्ञान का खजाना आदि अनेक सुन्दर-सुन्दर गुण आपमें जीवंत होते दिखाई देते हैं। आप एक महान चिन्तक, ज्ञान सूर्य हैं, सम्यग्ज्ञान के प्रति अभिरूचि होने से आप निरन्तर साहित्य सृजन, श्रुत सेवा में तल्लीन रहते हैं। आपके साहित्यों में ऐसा प्रवाह व आकर्षण है जो पाठकों के हृदय को अन्दर तक झकझोर देता है और भक्ति की लहर उठा देता है।

श्रमणी गणिनी आर्यिका रत्न श्री विज्ञाश्री जोधपुर (राज.)

0 मुझे भी स्मरण आता है जब बुन्देलखण्ड की धर्म नगरी, क्षु. गणेश प्रसाद जी की कर्म स्थली सागर में आपका प्रथम दर्शन हुआ था उस समय कहा गया 'बेटा' शब्द आज तक मेरे कानों में गुंजायमान है।

आपने अपनी निर्दोष श्रमण साधना के काल में बहुत उतार चढ़ाव परिवर्तन देखे हैं पर अपनी साधना में आप वज्र की तरह अटल रहे। यही कारण है आज आप में जहाँ शांतिसागर का चरित्र झलकता है वहीं विद्यानंद जी का ज्ञान भी दिखाई देता है और वात्सल्य रत्नाकर विमल सागर जी का अपार वात्सल्य दिखाई देता है।

ग.आ. श्री सौभाग्यमति ऋषभदेव (राज.)

आपके अंदर पुराने आचार्यों का आचारण परिलक्षित होता है, श्रमण संस्कृति के आप सजग प्रहरी है, आपकी प्रत्येक चर्या अत्यन्त आकर्षक है, श्रमण साधना के आप जीवंत रूप हैं, आपकी साधना आत्मोत्कर्ष की सीढ़ियों को पार करती हुई शाश्वत सत्य एवं लोक मंगल को साधने वाली है, आप अत्यधिक न्यायप्रिय कुशल संचालक हैं, आप न्याय, व्याकरण, साहित्य, सिद्धान्त एवं अध्यात्म विषयों में महानतम ग्रन्थों के अनुचिन्तक हैं।

आपने अनेक श्रमण-श्रमणियों को शिक्षा-दीक्षा देकर उनका पथ सुगम बनाया है, अनेकानेक क्षपकराज को सम्बोधन के माध्यम से उत्तमगति करवाई है। आपने अपनी साधना के बल से सभी को धर्म की ओर आकर्षित किया है और आगे भी इसी प्रकार से धर्म प्रभावना आपके माध्यम से होती रहे।

गणिनी आर्यिका श्री भरतेश्वरमति सम्मेदशिखर

परम पूज्य प्रातः स्मरणीय वात्सल्य रत्नाकर, सन्मार्ग दिवाकर, चारित्र शिरोमणि, आचार्य श्री विमलसागर जी महाराज एक महान संत हुए हैं जिनके चारित्र की निर्मलता से उत्पन्न निमितज्ञान की कोई सानी नहीं थी। उन्हीं की परम्परा को अक्षुण्ण बनाए रखने में तत्पर साधना के शिखर पर आरूढ़ परम पूज्य आचार्य श्री वसुनंदी जी मुनिराज का नाम श्रद्धा के साथ स्मरण किया जाता है।

गणिनी आर्यिका श्री नंगमती
पानीपत (हरियाणा)

आचार्य श्री विशिष्ट ज्ञान, वात्सल्य एवं करूणा के धनी हैं। जन-जन के उपकारक हैं।

दिल्ली के लाल मंदिर में दर्शन हेतु गए थे उसी समय आचार्य श्री वसुनंदी महाराज संसंघ के दर्शन का सौभाग्य प्रथम बार मुझे प्राप्त हुआ था।

आचार्य श्री ने कहा था किसी भी संघ के साधु हों सबसे वात्सल्य रखना, भेदभाव नहीं करना। उनका शांत, प्रसन्न चेहरा आँखों के सामने रहता है।

गणिनी आर्यिका श्री कीर्तिमती माताजी
बड़ागाँव (उ.प्र.)

रत्नत्रयाराधक अध्यात्म योगी परम पूज्य आचार्य श्री वसुनन्दी जी महाराज अवशिष्ट जीवन निर्दोष साधनामय व्यतीत करते हुए सूर्यवत दैदीप्यमान रहकर जगत में दिगम्बरत्व का दिव्य प्रकाश विकीर्ण करें ताकि कोटि-कोटि वर्षो तक उनकी यश पताका सम्पूर्ण विश्व में लहराती रहे।

आर्यिका श्री सरस्वती भूषण
मंडौला

तीन तारीख आने आप में संदेश देती है कि इनका जन्म तीन कार्य करने को हुआ है अर्थात् सम्यक् ज्ञान, दर्शन, चारित्र की आराधना के लिए हुआ है।

आचार्य श्री विद्यानंद जी ने आचार्य श्री का नाम संस्करण बहुत ही सटीक किया है। वसुनंदी 'वसु' का अर्थ पृथ्वी होता है अर्थात् पृथ्वी पर आनन्द लेते हैं और आनन्द देते हैं। 'वसु' का दूसरा अर्थ आठ भी होता है। अर्थात् आठ कर्मो का नाश करके आत्मा का आनन्द लेते हैं। इसलिए आप वसुनन्दी हैं।

आर्यिका श्री स्वस्तिभूषण
अतिशय क्षेत्र जहाजपुर (राजस्थान)

आचार्य श्री आध्यात्म जगत के दैदीप्यमान सूर्य हैं। अद्‌भुत प्रतिभा के धनी हैं। सादा जीवन और उच्च विचार की भावना से ओतप्रोत हैं।

आर्यिका श्री अनुभूति भूषण माताजी
बड़ागाँव

आचार्य श्री वसुनंदी जी महाराज के नाम से ही हमें प्रेरणा मिलती है कि वसु अर्थात् आठ। जो निरंतर आठ कर्मो को नष्ट करने में लगे हुए हैं ऐसे संत इस पृथ्वी पर भगवान का ही रूप हैं।

जिन्होंने अपना सारा जीवन जन्म-जरा-मृत्यु को विनाश करने के लिए लगा दिया। धर्म के लिए अपने जीवन को समर्पित कर दिया।

आर्यिका श्रीं आदित्य श्री माताजी
हुमचा पद्मावती (कर्नाटक)

आप एक ऐसे साधक, जन-मन प्रभावक, वात्सल्य मूर्ति, अभीक्ष्ण ज्ञानोपयागी आ. श्री वसुनंदी जी महाराज ने भी अपना जीवन गुरु चरणों में समर्पित किया और संयम के मार्ग पर कदम बढ़ाते हुए, अपना और अनेक भव्य जीवों का कल्याण कर रहे हैं।

आर्यिका श्री दीप्ति श्री माताजी
हुमचा पद्मावती

मीठे प्रवचन से जग में जिनका नाम है।

आचार्य वसुनंदी जी को चेलना का प्रणाम है।।

आप सतत तपस्या संयम-ध्यानाध्ययन की ऊर्जा से ऊर्जावान रहते हैं, अत: आप अपनी ऊर्जा का बहुमूल्य अंश स्व-पर कल्याण की जड़ को सिंचित करने के लिए नियोजित करते रहते हैं।

आपकी ऊर्जा से भक्तगण, शिष्यगण, त्यागीगण अनमोल आध्यात्मिकता से सदा उपकृत एवं लाभान्वित होते रहेंगे।

आपका हृदय अत्यन्त पावन एवं पवित्र है।

आपका आध्यात्मिक जीवन मेरे जीवन के शिक्षास्प्रद बने।

आर्यिका श्री पुनीत चेतन्यमति त्रियोगाश्रम, श्री सम्मेद शिखर जी, झारखण्ड

परम्पराचार्य अर्घावली

वीतराग जिनगिरि से निसृत द्वादशांग जिनवर वाणी, गणधर सूरी ज्ञान कुण्ड से झरती पीते भवि प्राणी।
मुनिराजों ने जिन्हें स्वयं ही शब्दों में लिपिबद्ध किया, प्रथम चरण अरु करण द्रव्य को अर्घ चढ़ा हम नमन किया।।

ॐ ह्रीं श्री जिनमुखोद्भव द्वादशांग मय सरस्वती देव्यै: नम: अनर्घ पद प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

उन आचार्यों के चरणों में, झुका रहे अपना माथा। जिनकी अमृतवाणी सुनकर, हो जाता निज से नाता।।
षट्खण्डागम आदि सिद्धांतों, को जिनने लिपिबद्ध किया। पुष्पदंत, धरसेन, भूतबली आचार्यों से ज्ञान लिया।।

ॐ ह्रूँ परमपूज्य आचार्य भगवन् श्री-धरसेन-पुष्पदंत-भूतबलि परमेष्ठिभ्यो अनर्घ-पद-प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

आध्यात्मरसिक सिद्धान्त मनीषी आगम के मर्मज्ञ महान, परम तपस्वी अविचल ध्यानी निजानंद करते रसपान।
निज आतम कल्याणहेतु हम करते पूजन अरु गुणगान, कुंद कुंद आचार्य श्री को नमन करूँ जो हैं भगवान।।

ॐ ह्रूँ परमपूज्य आध्यात्मरसिक आचार्य भगवान् श्री कुंद कुंद स्वामिने अनर्घ-पद-प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

परम तपस्वी शांति सिंधु मुनि पंचम युग में तीर्थ समान, तीर्थंकर वत् कलिकाल में जिनशासन का कर यशगान।
चक्रवती चारित्र शिरोमणि भव्यों को सत्यार्थ प्रमाण, तीन भक्ति युत अर्घ चढ़ाऊँ पाने को समकित वरदान।।

ॐ ह्रूँ परमपूज्य चारित्र चक्रवर्ती आचार्य भगवत श्री शांतिसागरजी मुनीन्द्राय अनर्घ पद प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

भव तन भोग विरागी हे गुरु ज्ञान ध्यान तप लीन महान, विषय वासना अरु कषाय से रिक्त चित्त जिनका अमलान।
पायसिन्धु को पाकर हम सब शिवमग पावें विषय नशाय, ऐसे उत्तम मुनिपद पंकज अर्घ चढ़ाकर शीश नवाय।।

ॐ ह्रूँ परमपूज्य परम तपस्वी आचार्य भगवन् श्री पायसागर मुनीन्द्राय अनर्घ-पद-प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अक्ष विजेता मन के जेता सूरीवर जयकीर्ति प्रधान, निर्विकल्प शुभ ध्यान पायकर पाया निज आतम का ज्ञान।
भाव सहित गुरु भक्ति पूजा करती पाप कर्म की हान, जल फलादि वसु अर्घ चढ़ाकर पाएं हम भी उत्तम ज्ञान।।

ॐ ह्रूँ परमपूज्य आध्यात्म योगी आचार्य भगवन् श्री जयकीर्ति मुनीन्द्राय अनर्घ-पद-प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

मुनिराजों में आप प्रमुख हैं सूरीवर जो कहलाते, भारत गौरव जिनवृष सौरभ मार्ग धर्म का बतलाते।।
रत्नत्रय से आप विभूषित गुरू देश भूषण स्वामी, भक्तियुत शुभ अर्घ चढ़ाकर बन जाऊँ मैं निष्कामी।।

ॐ ह्रीं परमपूज्य भारतगौरव आचार्य भगवन् श्री देशभूषण मुनीन्द्राय अनर्घ-पद-प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

नीरादिक वसु द्रव्य मिलाकर कंचन थाल भराये हैं, निज आतम के वसु गुण पाने तव पद आज चढ़ाये हैं।
राष्ट्रसंत विद्यानंद सूरि, प्राणीमात्र हितकारी हो, सिद्ध-शास्त्र-आचार्य भक्ति युत नित प्रति धोक हमारी हो।।

ॐ ह्रूँ परमपूज्य सिद्धान्त चक्रवर्ती राष्ट्रसंत श्वेतपिच्छाचार्य श्री विद्यानंद जी मुनीन्द्राय अनर्घ-पद-प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

ज्ञान-ध्यान-तप लीन निरन्तर समता रस के भोगी हैं, विषय वासना पाप रहित निर्ग्रन्थ मुनीश्वर योगी हैं।
वसुधा के वसु द्रव्य संजोकर वसु गुण पाने आये हैं, वसुनंदी आचार्य प्रवर को अर्घ चढ़ा हर्षाये हैं।

ॐ ह्रूँ प.पू. अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी आचार्य श्री वसुनंदी जी मुनीन्द्राय अनर्घ-पद-प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

परम पूज्य आचार्य श्री वसुनंदी जी गुरुवर की पूजन

रचयिता : आर्यिका वर्धस्वनंदनी

स्थापना

(तर्ज–श्रीमद् वीर हरें)

सूरिवर श्री शांतिसागर, पाय जयकीर्ति गुणधारी, श्री देशभूषण भारत गौरव, सूरिवर यश जिनका भारी।
सितपिच्छी धारी श्री विद्यानंद के नंदन जय हो तुम्हारी, वसुनंदी गुरुदेव पधारो, उर में है ये विनय हमारी।।

ॐ ह्रूं प.पू. आचार्य श्री वसुनंदी मुनीन्द्र! अत्र अवतर-अवतर सवौषट् आह्वाननं। ॐ ह्रूं प.पू. आचार्य श्री वसुनंदी मुनीन्द्र! अत्र तिष्ठ-तिष्ठ ठः ठः स्थापनं। ॐ ह्रूं प.पू. आचार्य श्री वसुनंदी मुनीन्द्र! अत्र मम सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधिकरणं।

अष्टक

(तर्ज– रोम रोम से.....)

निर्मल जल निर्मल चित हेतु, गुरु चरणों में लाए। वचनामृत तव प्यास बुझाता, अतः शरण में आए।।
पूजन करने आये अलिवत्, तव पद के अनुरागी। वसुनंदी के पूजक जग में, कहलाते बड़भागी।।

ॐ ह्रूं प.पू. आचार्य श्री वसुनंदी-मुनीन्द्राय जन्म-जरा-मृत्यु-विनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

शीत ऊष्ण वा क्षुधा तृषादिक, कठिन परीषह सहते।
क्रोध आदि की नहीं ऊष्णता, अनुपम शीतल रहते॥

चंदन से भी शीतल गुरुवर, निश्छल सरल स्वभावी।
वसुनंदी के पूजक जग में, कहलाते बड़भागी॥

ॐ ह्रूं प.पू. आचार्य श्री वसुनंदी-मुनीन्द्राय नमः संसार-ताप- विनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

नश्वर जग में रहकर के भी, क्षरातीत गुण ध्यायें। पुरुषार्थी निज अक्षय पद के, अक्षत पूज रचायें॥

गुरुदेव तव सम बनने की, मेरी प्रीत भी जागी। वसुनंदी के पूजक जग में, कहलाते बड़भागी॥

ॐ ह्रूं प.पू. आचार्य श्री वसुनंदी-मुनीन्द्राय नमः अक्षय-पद-प्राप्तये अक्षतं निर्वपामीति स्वाहा।

आत्म गुणों की अनुपम सुरभि, से आनंद मनायें। पुष्प से कोमल गुरु चरणों में, पुष्प चढ़ा हर्षायें।

नहीं काम अब रहा काम से, अत: लगन मम लागी। वसुनंदी के पूजक जग में, कहलाते बड़भागी॥

ॐ ह्रूं प.पू. आचार्य श्री वसुनंदी-मुनीन्द्राय नमः कामबाण-विध्वंसनाय पुष्प निर्वपामीति स्वाहा।

अतंराय उपवास आदि भी, समता युत हो सहते। बाधा के तूफानों में भी, नहीं कभी कुछ कहते॥

चरुवर से पूजें समता रस, पाएँ परम प्रभावी। वसुनंदी के पूजक जग में, कहलाते बड़भागी॥

ॐ ह्रूं प.पू. आचार्य श्री वसुनंदी-मुनीन्द्राय नमः क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

आत्म गुणों के अन्वेषक, वैज्ञानिक अनुपम ज्ञानी। तव प्रयोगशाला प्रयोग, करते विस्मित हे ध्यानी॥

दीप चढ़ाकर ज्ञान दीप की, आशा मम मन जागी। वसुनंदी के पूजक जग में, कहलाते बड़भागी॥

ॐ ह्रूं प.पू. आचार्य श्री वसुनंदी-मुनीन्द्राय नमः मोहांधकार- विनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

वसुविध कर्मों को दहकाने, वेष दिगम्बर धारा। वातावरण आपके गुण से, हुआ सुगंधित सारा॥

उसी गंध से हम खिंच आए, तव पूजन को त्यागी। वसुनंदी के पूजक जग में, कहलाते बड़भागी॥

ॐ ह्रूं प.पू. आचार्य श्री वसुनंदी-मुनीन्द्राय नमः अष्टकर्म-दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

तीन रत्न बहुमूल्य धार, तुम सर्वश्रेष्ठ कहलायें। देव इंद्र नर असुर सभी मिल, तव गुण गौरव गायें॥

रत्नत्रय पा तुम सम मुनि बनने की भावना जागी। वसुनंदी के पूजक जग में, कहलाते बड़भागी॥

ॐ ह्रूं प.पू. आचार्य श्री वसुनंदी-मुनीन्द्राय नमः महामोक्ष-फल- प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

अनुपम ध्यानी तव अंतर में, ज्ञान सिंधु लहराता। मूलाचार के हो दर्पण, चारित्र यही बतलाता॥

तीर्थंकर सी सूरत जिनकी, गुरु सिद्ध जो भावी। वसुनंदी के पूजक जग में, कहलाते बड़भागी॥

ॐ ह्रूं प.पू. आचार्य श्री वसुनंदी-मुनीन्द्राय नमः अनर्घपद-प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।**जयमाला**

दोहा

अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी गुरु,
सरल स्वभावी आप।
रत्नत्रय से जड़ित हो,
नख से शिख तक आप॥

(तर्ज- हे चन्द्रप्रभु....)

श्री वसुनंदी गुरु के चरणों में, अपना शीश झुकाता हूँ, भक्ति से प्रेरित होकर के, गुरु गौरव गाथा गाता हूँ।
चारित के हिमगिरि हो अंकप, निश्चल मेरु से खड़े हुये, बाधाओं के तूफानों में भी संयम हेतु अड़े हुये॥1॥

देख दिगम्बर चर्या को मन श्रद्धा से झुक जाता है, मूलाचार के हो दर्पण, संयम तेरा बतलाता है।
मिशरी से भी मीठी वाणी, जादू सब पर कर जाती है, स्याद्व ादमयी, निर्दोष, ज्ञान से पूर्ण, सभी को भाती है॥2॥

विद्वत्ता और तपस्या का शुभ संगम दुर्लभ ही जानो, गुरु श्रेष्ठ तपस्वी ज्ञानवान्, प्रभुवर की मूरत ही मानो।
दर्शन कर मन में भाव उठे, तीर्थंकर जगती पर होते, वो तुमसे ही दिखते होंगे, जो धर्म बीज जन-जन बोते॥3॥

मुस्कान खिले चेहरे पर जब भक्तों की दृष्टि जाती है, सब के चित को मोहे तत्क्षण, खुशियाँ सबके मन छाती।
तेरे शुभ चरण जहाँ पड़ते, स्थान तीर्थ वह बन जाता, हो समवशरण सा लगा हुआ, दर्शन कर मन भी भर जाता॥4॥

सम्यग्दर्शन गुरु की भक्ति, प्रवचन सुज्ञान कहे जग में, अनुसरण करें तेरे पथ का, संयम के भाव जगे मन में।
तुमसे संयम का परिपालन, तुमसे आनंदमयी दृष्टि, तुम से ही है सारी विद्या, तुम में ही है मेरी सृष्टि॥5॥

शब्दों की सीमा में गुरु को, बाँधूँ दुस्साहस है मेरा। आकाश समा निर्लेप शुभ्र, अनुपम व्यक्तित्व गुरु तेरा॥
है देव! न हो मुक्ति जबलौं तबलौं हमको तव चरण मिले। भव-भव में तेरे चरणों में, श्रद्धा संयम के पुष्प खिले॥6॥

ॐ ह्रूं प.पू. आचार्य श्री वसुनंदी-मुनिन्द्राय नमः जयमाला पूर्णार्घं निर्वपामिति स्वाहा॥

घत्ता

गुरुवर अभिनंदन, संयम
वंदन, है ऐसा मैंने जाना,
हे संयम दाता, मम मन त्राता,
तुमसे निज को पहचाना॥

॥पुष्पांजलिं क्षिपेत्॥

शांति शांति धारा.....

अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी आचार्य श्री वसुनंदी मुनिराज की आरती

धरती खड़ी अम्बर खड़ा जिनके सहारे,
आरती गुरुवर की उतारो मिलके सारे।
सूरज जिनका जिनके हैं, चांद सितारे,
आरती गुरुवर की उतारो मिलके सारे॥

आश्विन कृष्ण अमावस्या को, धरती पे
आये थे, ऋषभ त्रिवेणी संग, सब हर्षाये थे।
दूर हुए तब ही, धरा से अंधियारे,
आरती गुरुवर की उतारो मिलके सारे॥
सूरज जिनका....॥1॥

तप से तपायी देह, कुंदन बनाई है,
भक्तों में ज्ञान की, ज्योति जलाई है।
साध रहे मन बिन, साधन सहारे,
आरती गुरुवर की, उतारो मिलके सारे॥
सूरज जिनका....॥2॥

विद्यानंद गुरुवर के शिष्य कहाये हैं,
आचार्य वसुनंदी गुरुवर हमने पाए हैं।
भक्त कहें कि, गुरुवर प्राण हैं हमारे,
आरती गुरुवर की उतारो मिलके सारे॥
सूरज जिनका....॥3॥

गुरुवर सब शिष्यों के, मध्य ऐसे लागे हैं,
समवशरण के बीच जैसे, तीर्थंकर विराजे हैं।
लेकर रूप वीरा का, धरा पे अवतारे।
आरती गुरुवर की उतारो मिलके सारे॥
सूरज जिनका....॥4॥

अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी आचार्य श्री वसुनंदी जी चालीसा

दोहा

रवि किरण से भी प्रखर, तप का दिव्य प्रकाश। इंदु प्रभा सम दमक रही, गुरु तन आभा राश।।
वसुगुण अभिलाषी गुरु, वसु भू पथिक सुनाम । वसुनंदी गुरुदेव को, नमन करूँ वसु याम ||
गुणगण जिनके हैं विमल, है आचार्य महान । अल्पमतिकहूँ गुण कछुक, कर गुरु चरण प्रणाम ।

चौपाई

जयश्री वसुनंदी गुरु ज्ञानी, कहते जो हर वाक्य प्रमाणी। मुक्ति पथ के है अनुगामी, श्रेष्ठ गुरु तुम जग में नामी ॥1 ॥
पंचम युग में धर्म सिखाया, तीर्थंकर सा रूप दिखाया। गुण छत्तीस के धारी गुरुवर, सुर नर पूजित पूज्य ऋषिवर ॥12 ॥
राजस्थान में जिला धौलपुर, मनियाँ है तहसील वहाँ पर। ग्राम विरौधा है मनभावन, जन्मभूमि गुरु की अति पावन ॥3॥
रिखव त्रिवेणी के घर आँगन, धर्ममयी जहाँ सबका जीवन। अवतारे गुरु जनमन हारी, गूँजी बालक की किलकारी ॥4॥
अद्भुत तेज लखा श्री मुख पर रवि इन्दु के तेज से बढ़कर। नाम दिनेश रखा रविन्दु, आभा ज्यों पूनम का इंदु ॥5॥
तीन अक्टूबर अरु सन् सड़सठ, अश्विन कृष्ण अमावस अवसर। जन्मे गुरुवर गुणनिधि सिंधु, जिनमत अम्बुधि वर्द्धक इन्दु ॥6॥
बल साहस बुद्धि अति उत्तम, करुणा विनय दया का संगम । उत्तम लौकिक पाकर शिक्षा, प्रकट हुई मन में इक इच्छा || 7 ||
लौकिक पुस्तक में छः ढाला, रखकर जिनआगम पढ़ डाला। दौल समझ सुन चेत सयाने, पंक्ति पढ़कर हुये विराने ॥8॥
युवा मृत्यु अरु लख परछाई, समझी भौतिक जग सच्चाई। बारह भावन का शुभ चिंतन, आगम का नित करते अध्ययन | 19 ||
सन् अट्ठासी सोलह नवम्बर, नगर बरासो में फिर आकर । क्षुल्लक दीक्षा धारी गुरुवर, नाम हुआ तब जिनेन्द्र सागर ॥10॥
वसुयाम अध्ययन अध्यापन, आगम मंथन अद्भुत चिंतन | तप दिन दिन नित बढ़ता जाता, हुये गुरुवर जग विख्याता ॥11॥
सन् नवासी ग्यारह अक्टूबर, तज आडम्बर हुये दिगम्बर । भिण्ड नगर ने गौरव पाया, निर्णय सागर नाम कहाया ॥12॥
सुख के क्षण या कठिन समस्या, समता युत करें कठिन तपस्या । शीत पड़े या ग्रीष्म सतावे, दृढ़ चित हो नित आतम ध्यावें ॥13॥
विद्यानंद तव गुरु महाज्ञानी, महिमा जिनकी सब जग जानी। पुरुषोत्तम शिष्योत्तम गुरुवर रहे शुद्ध नित जिनका अन्तर॥14॥
चौमासा गुरु जहाँ भी करते, सज्जन नित नित वंदन करते । धर्मामृत उसको मिल जाता, जो गुरु शुभ सान्निध्य है पाता ॥15॥
गुरु का वरद हस्त शुभ पाया, पाठक पद से तुम्हें सजाया । अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी कहाये, पाठक पद का मान बढ़ाये ||16||
पढ़ते अरु शिष्यों को पढ़ाते, ज्ञान सूत्र नव नव है सिखाते। त्रिशतादि ग्रंथों का लेखन जिनवाणी का किया प्रकाशन ॥17॥
ऐलाचार्य शुभ पद जब पाया, वसुनंदी शुभ नाम कहाया। छत्तीस मूलगुणों से शौभित गुरुवर पर सब जनता मोहित ॥18॥
वो हजार पन्द्रह शुभ सन् था बीस जनवरी सुप्रभात था। पद आचार्य से हुए सुशोभित, वसुनंदी सूरी जगवंदित ॥19॥
योग्य शिष्य की लख श्रुतधारा, विद्यानंद गुरुवर ने संवार। विद्या गगन के दिव्य सितारे, तुमको सौ सौ नमन हमारे ||20||
जिन शासन के स्तंभ गुरुवर, सिद्धों के वंशज श्री ऋषिवर । भक्तों के गुरु आप सहारे, तारण तरण है चरण तुम्हारे ||21||
श्रुत वारिधि संवर्द्धक इंदु, अध्यातम के गहरे सिंधु । हो चारित्र के उच्च हिमालय, भवि हिरदय के आप जिनालय 112211
है व्यक्तित्व बहु आयामी, इसीलिये गुरु सबके स्वामी । संस्कार शुभ सबको देते, अवगुण सबके सब हर लेते 112311
शांतिपाय जयकीर्ति स्वामी, देशभूषण विद्यानंद नामी । परम्परा ध्वज के संवाहक, वसुनंदी आचार्य प्रभावक || 24||
बहुभाषा विद् अरु मृदुभाषी, प्रज्ञा मनीषी पूर्वाभासी । चिंतामणि सम गुरु वरदानी, मीठे प्रवचन हितमित वाणी ||25||

दोहा

संयम चारित साधना, अरु सुज्ञाना धार। गुरुवर वसुनंदी तुम्हें, नमन अनंतो बार।।
पुण्य उदय से गुरु मिले, मिला गुरु का प्यार। गुरु चरण की शरण में, सर्व सुखों का सार ।।
मात पिता बंधु सखा, गुरु ही ईशा समान। इनसे ही जीवन शुरु, अरु अंतिम विश्राम।।

॥ इति ॥

जहां जहाँ गुरु चरण पड़ें,
वहां वहां तीरथ होये।



03 केंद्रशासित राज्य, 09 राज्य,
35 वर्ष, 122 जिले, लगभग

80000 km पद विहार.....

- **मध्य प्रदेश :** मुरैना, भिंड, ग्वालियर, शिवपुरी, दतिया, अशोकनगर, निवारी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, सागर, दमोह, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुरा, सिवनी,
- **हिमाचल प्रदेश :** सोलन, शिमला
- **उत्तरप्रदेश :** ललितपुर, झांसी, इटावा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, एटा, आगरा, हाथरस, मथुरा, कासगंज, बदायुं, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, सम्भल, बुलंदशहर, नोएडा (गौतमबुद्धनगर), हापुड़
- **राजस्थान :** धोलपुर, भरतपुर, अलवर, दौसा, करोली, सवाईमाधोपुर, जयपुर, अजमेर, राजसमंद, उदयपुर, सिरोही, जालोर, बाड़मेर, जोधपुर, पाली, डूंगरपुर
- **महाराष्ट्र :** नासिक, ठाणे, मुम्बई
- **उत्तराखंड :** हरिद्वारदेहदादुन , टिहरी गढ़वाल, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, पोढी गढवाल,
- **हरीयाणा :** पलवल, नूंद, फरीदाबाद, गुरुग्राम, रवाडी, झज्जर, रोहतक, पानीपत, करनाल,कुरुक्षेत्र, अम्बाला, पंचकुला
- **पंजाब :** मोहाली, (SAS) नगर,
- **गुजरात :** अरावली, साबरकांठा, महेसाना, सुरेन्द्रनगर, मोरवी, जामनगर, राजकोट, पोरबंदर, जूनागढ, गिर सोमनाथ, अमरेली, भावनगर, बोटाद, आनन्द, वडोदरा,भरूच, सुरत, नवसारी, पंचमहाल, महीसागर
- **केन्द्रशासित राज्य :** दिल्ली (सभी जिल्ले), चंदीगढ, दमन और दीव



प.पू. अभीक्षण ज्ञानोपयोगी
आचार्यश्री वसुनंदी जी मुनिराज